**PERIODIC ASSESSMENT - 3 (2019-2020)**

GRADE: IX (CBSE) HINDI TOTAL MARKS: = 80

DATE: ____________ TIME: 3 Hours

---

| |
|---|
| निर्देश -: इस प्रश्न - पत्र में चार खंड हैं - क ,ख ,ग और घ<br>चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। |

**खण्ड- क**

**1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

व्यक्ति समाज की इकाई है और शिक्षा व्यक्ति को सत् ,चित् और आनंद की अनुभूति करने योग्य बनाती है।शिक्षा का अर्थ है जीना सीखने की कला। हम जीने है समाज में ,अतः शिक्षा का मूल स्रोत है समाज ।इस प्रकार शिक्षा और समाज का परस्पर घनिष्ठ संबंध है ।शिक्षा व शिक्षण संस्थाओं का समाज में विशेष महत्त्वपूर्ण स्थान है क्योंकि यहीं से भावी नागरिक ढलकर निकलते हैं।आज समाज के मूल्यों को परिष्कृत करने हेतु नैतिक शिक्षा के प्रश्न पर विशेष बल दिया जाने लगा है ।यह आवश्यकता अनुभव की गई है कि हमारी मान्यताओं का स्खलन हो रहा है ।सामजिक जीवन में जो अनैतिकता दिनों - दिन बढती जा रही है ।उसका मूल कारण नैतिक शिक्षा का आभाव है ।आज हम ने भौतिक उन्नति को एकमात्र उद्देश्य बना लिया है ।हम भौतिकवादी से अति भौतिकवादी होते जा रहे हैं और यही कारण है कि विफलताएँ हमारे मार्ग को अवरुद्ध करती जा रही हैं ।आज शिक्षा का महत्त्व केवल पुस्तकीय ज्ञान मात्र है ,जो पुस्तकों में ढलता जा रहा है ।यह शैक्षिक - प्रक्रिया केवल मशीनीकरण का पर्याय न बने और व्यावहारिक सद्शिक्षा का स्वरूप विकसित हो, इसके लिए अपेक्षित है कि नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाए। अन्यथा समाज में अपराध - प्रवृत्ति निरंतर बढ़ती रहेगी ।

क) समाज में शिक्षण संस्थाओं का क्या महत्त्व है ? (2)

ख) हमारी सामजिक मान्यताओं के स्खलन एवं सामजिक जीवन में अनैतिकता का प्रमुख कारण क्या है ? (2)

ग) नैतिक शिक्षा के अभाव का समाज के ऊपर क्या प्रभाव पडेगा ? (2)

घ) वर्तमान में कैसी शिक्षा प्रदान की जा रही है ?इसमें कैसे सुधार किया जाए ? (2)

ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । (1)

**2.निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

रिमझिम -रिमझिम - सी बूँदें

जग के आँगन में आईं।
अपने लघु उज्जवल तन में
कितनी सुंदरता लाईं ।
मेघों ने गरज - गरजकर
मादक संगीत सुनाया ।
इस हरी - भरी संध्या ने
हमको उन्मत्त बनाया ।
सूखी सरिताओं ने फिर
सुंदर नवजीवन पाया ।
लघु लहर - लहर पर देखो
सौंदर्य नाचने आया ।

क) बूँदों के बारे में कवि ने क्या कहा है ? (2)

ख) मेघों और संध्या ने क्या किया ? (2)

ग) मेघों के कारण सरिताओं पर क्या प्रभाव पड़ा ? (2)

**खण्ड - ख**

**3.निर्देशानुसार उत्तर लिखिए**

**क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों का वर्ण - विच्छेद कीजिए ।** (2x1=2)

i) प्रतिकूल

ii) सहानुभूति

iii) ज्ञानी

**ख) 'सुन्दर'** में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर मानक रूप लिखिए । (1)

**ग) 'महंगाई'** में उचित स्थान पर अनुनासिक चिहन का प्रयोग कर शब्द को दोबारा लिखिए । (1)

**घ) 'ताजगी'** शब्द में उपयुक्त स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए । (1)

**4.(क) निम्नलिखित शब्द में से मूल शब्द व उपसर्ग अलग कीजिए।** (1)

i) संचालन

**ख) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए।** (2x1=2)

i) साहसिक

ii) प्रतिभावान

**5.(क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की संधि कीजिए।** (2x1=2)

i) अभि + इष्ट

ii) एक + एक

iii) विद्या + आलय

**ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का संधि - विच्छेद कीजिए।** (2x1=2)

i) स्वागत

ii) रवींद्र

iii) मतैक्य

**ग) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन वाक्यों में उचित विराम चिहन लगाइए।** (3)

i) वाह कितनी सुंदर गुडिया है

ii) हाँ मैंने यह काम कर लिया है

iii) रमेश ने कहा आज मेरा जन्मदिन है

iv) कल पत्नी ने धीरे से पूछा था कब तक टिकेंगे ये

**खण्ड -ग**

**6.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए** (2+2+1=5)

क) लेखक अतिथि को राक्षस क्यों कहना चाह रहे हैं ?

ख) लड़के की मृत्यु के दूसरे ही दिन बुढ़िया खरबूज़े बेचने क्यों चल पड़ी

ग) कीचड़ के प्रति किसी को सहानुभूति क्यों नहीं होती ?

**7.** ‘ नदी किनारे अंकित पदचिह्न और सींगों के चिह्नों से मानो महिशाकुल के भारतीय युद्ध का पूरा इतिहास ही इस कर्दम लेख में लिखा हो , ऐसा भास होता है।’ - आशय स्पष्ट कीजिए । (5)

**अथवा**

अतिथि जब चार दिनों तक नहीं गया तो लेखक के व्यवहार में क्या - क्या परिवर्तन आए ? ‘तुम कब जाओगे अतिथि’ पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**8.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए** (2+2+1=5)

क) रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है ?

ख) अग्निपथ किसे कहा गया है और क्यों ?

ग) सुखिया का पिता उसे खेलने से क्यों रोकता था ?

**9.** कवि ‘ माँग मत , कर शपथ , लथपथ ’ आदि शब्दों पर बल देकर क्या कहना चाहता है ? (5)
‘ अग्निपथ ’ कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

आदमी के स्वभाव की अनेक प्रवृत्तियों पर कवि का दृष्टिकोण ‘ आदमीनामा ’ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**10**. (क) गिल्लू को क्यों और कैसे मुक्त कराया गया ? (3)

(ख) लेखक ने गर्व के साथ हामिद खाँ को क्या बताया ? (2)

**अथवा**

क) लेखक का परिचय हामिद खाँ से किन परिस्थितियों में हुआ ?

ख) क्या देखकर अनायास ही लेखिका को गिल्लू की याद आई और क्यों ?

**खण्ड -घ**

**11.निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** (5)

क) पुस्तकालय के लाभ

- पुस्तकें : समय का दर्पण
- पुस्तकालय का अर्थ
- लाभ

ख) मेरे जीवन का लक्ष्य

- जीवन लक्ष्य आवश्यक क्यों
- जीवन लक्ष्य का निर्धारण
- लक्ष्य - प्राप्ति के उपाय

ग) जब आवे संतोष धन,सब धन धूरि समान

- अभिप्राय
- सुख - शांति का मूलमंत्र
- असंतोष से हानियाँ


**12.**

क) आप को पहली बार प्रधानाचार्य के हाथों पुरस्कार प्राप्त हुआ,अपने इस अनुभव को मित्र को पत्र लिखकर बताइए। (5)

**अथवा**

माता जी को पत्र लिखकर अपने नए मित्रों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

**13.दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को 20-30शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।** (5)



**14.(क)'व्यायाम और खेल'**विषय पर पिता और पुत्र के बीच लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखिए।(5)

**अथवा**

**'रटंत विद्या को न अपनाएँ'** विषय पर माँ और बेटी के बीच संवाद लिखिए।

**15.(क) ' ग्लोरी डिटर्जेंट'** नमक डिटर्जेंट के लिए 25 - 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

आपके शहर में एक **'संगीत शिक्षा केंद्र' खुल रहा है**। इसके लिए 25 - 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।